## मारपीट मामले में एसपी और डीसी को ज्ञापन सौंपा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना कांड संख्या 125/23 के सूचक रघुनाथ मोदी, गौशाला रोड को रंगदारी नहीं देने पर जबरन घर में घुसकर महिला और रघुनाथ मोदी, दिलीप मोदी, गौरी शंकर मोदी और अन्य के साथ जान से मारने के लिए मार-पीट की गयी। आरोप है कि महावीर यादव, छटू यादव, राजकुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ आकर घटना को अंजाम दिया गया। घटना पर मोदी वर्णवाल समाज की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कोडरमा उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक कोडरमा को एक लिखित ज्ञापन अजय कृष्ण के नेतृत्व में मोदी वर्णवाल समाज का प्रतिनिधिमंडल मिलकर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में अजय कृष्ण, पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय बर्णवाल वैश्य महासभा झारखंड, बालगोविंद मोदी, अजय कुमार वर्णवाल, सूर्यदेव मोदी, पंकज मोदी, प्रदीप कुमार सुमन, रामकुमार, महेश मोदी, शामिल हुए। महावीर यादव के द्वारा असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर रघुनाथ मोदी और इनके परिवार को जान से मारने का धमकी दे रहा है। किसी भी समय बड़ी घटना कर सकता है। रघुनाथ मोदी के द्वारा जान-माल की सुरक्षा की मांग किया गया है।

## बैंक में खाता खुलवाने और ऋण वितरण को लेकर कैंप का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** एरिया मैनेजर विमल कांत झा के नेतृत्व मे बैंक ऑफ इंडिया बासोडीह और सतगावां शाखा मे खाता खुलवाने और ऋण वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में 200 ग्राहकों का खाता खोला गया। कैंप मे मुख्य अतिथि के रूप बैंक ऑफ इंडिया एरिया मैनेजर विमलकांत झा, बासोडीह शाखा के प्रबंधक अलोक रंजन, सतगावां शाखा के प्रबंधक तुरम बानरा, अजय कुमार, आनंद कुमार, हितेश चौधरी मौजूद थे। कैंप मुख्य रूप से उन ग्राहकों के लिए था जो कि किसी कारणवश बैंक से नहीं जुड़ पाये। कैंप में खाता खोलने के अलावा मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण, एस एच जी ऋण हेतु लगभग 25 लाख के ऋण का आवेदन प्राप्त किया गया। एरिया मैनेजर विमलकांत झा ने बताया कि ग्राहकों के रुझान को देखते हुए बैंक एक मौका वैसे लोगों को और देगी जो किसी कारणवश आज के इस कैंप में नहीं आ पाए और बैंक से जुड़ने से वंचित रह गये।

### सिरमा पडरिया में बनेगा रिटेनिंग वॉल, एक करोड़ रुपये होंगे खर्च

# विधायक अंबा प्रसाद ने रखी रिटेनिंग वॉल की आधारशिला

> जनता की मांग पर विधायक रिटेनिंग वॉल के निर्माण कराने का लंबे समय से कर रही थीं प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा और लगातार किये गये प्रयासों की बदौलत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से लगभग एक करोड़ की लागत से बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सिरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम पडरिया मे हहारो नदी में रिटेनिंग वॉल का निर्माण होगा इसके लिए दिन बुधवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। दिन बुधवार को ग्राम पडरिया पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने जोरदार तरीके से ढोल बाजे के साथ विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया, रिटेनिंग वॉल का निर्माण शुरू होने के मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ और उत्साह बता रही थी कि यह रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराना कितना आवश्यक था। लगातार नदी के पानी के कटाव के कारण सिरमा पडरिया से प्रखंड मुख्यालय जाने वाले रोड का धंसने का खतरा बना हुआ रहता था जिसके लिए विधायक अंबा प्रसाद ने लगातार कई बार मामले को जिला मुख्यालय में उपायुक्त के समक्ष समेत समय-समय पर होने वाली बैठकों में जोरदार तरीके से रखा और नदी के बहाव से कट रहे मिट्टी के रोकथाम के लिए गार्डवाल बनाने की बात कही थी जिससे रिटेनिंग वॉल का निर्माण शुरू हो पाया।

इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराने के लिए लगातार प्रयासरत थी। उन्होंने कहा कि एक और गार्डवाल का निर्माण उक्त पंचायत क्षेत्र में शीघ्र शुरू कराया जाएगा जिससे पंचायत वासियों को लाभ प्राप्त होगा और रोड धंसने की समस्या का समाधान होगा। वही विधायक अंबा प्रसाद ने शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान घोषणा किया कि सिरमा मंदिर के सामने सार्वजनिक स्थल पर बहुत जल्द पेवर ब्लॉक लगवाया जायेगा।

इस दौरान विधायक ने वृक्षारोपण भी किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, शमशेर आलम, अरूण रंजन प्रसाद, गुलाब ठाकुर, बालेश्वर महतो, कमल नाथ महतो, बेचन राणा, नारायण महतो, लता सिन्हा शिक्षिका, दुलर देवी, कंचन माला समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## थाना परिसर में हुआ यज्ञ भूमि पूजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर बुधवार को यज्ञ का शुरूवात शंखनाद के साथ प्रतीक ध्वज की स्थापना की गयी। आचार्य मोहन कुमार मिश्र ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ का झंडा स्थापित किया। यजमान टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव बनें। इसके बाद विशेष जयघोष से यज्ञ मंडप निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। यज्ञ समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने बताया कि यज्ञ 27 मई को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। जिसमें 28 मई को पंचाग पूजन, देवी पूजन, वेदी स्थापन, मूर्ति जलाधिवास, 29 मई को मूर्ति अन्नाधिवास, फलाधिवास, द्रव्याधिवास, पुष्पाधिवास, 30 मई को मूर्ति स्नान, मूर्ति न्यास, नगर भ्रमण, शय्याधिवास, वस्त्राधिवास, घृताधिवास, 31 मई को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, ऋंगार, दिव्यपूजन, हवन, आरती, भंडारा और रात्रि भक्ति जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। ध्वज स्थापना के मौके पर कौलेश्वर मिश्रा, यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रमुख संतोष मंडल, सचिव थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, कैलाशपति सिंह, रजनीकांत चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद यादव, मिथलेश कुमार पाठक, राजू यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, महेश अग्रवाल, कौलेश्वर मिश्रा बिनोद अगेरिया, रवि कुमार, मनीष मिश्रा, संदीप चौधरी, बसंत राम, पंकज मंडल, शंकर प्रसाद, बालेश्वर साव और अन्य उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी ने स्वच्छता अभियान चलाया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जहां स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के पहले दिन 'स्वच्छता शपथ' का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता और देश को स्वच्छ बनाने की शपथ ली गयी थी, वहीं दूसरे दिन सीकरी स्थित कार्यालय में अधिकारियों ने परिसर की साफ सफाई की। परियोजना प्रमुख के चंद्रशेखर ने औपचारिक रूप से दूसरे दिन स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और परियोजना के अन्य अधिकारियों के साथ परिसर में झाडू लगाकर इस अभियान की गंभीरता को दर्शार्या। देश को स्वच्छ बनाने के इरादे से ऊर्जा मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी इस अभियान में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के अधिकारी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। पहले दिन स्वच्छता शपथ में परियोजना के तमाम अधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने आसपास को स्वच्छ रखने के अलावा दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ ली थी वही आज सभी ने बढ़-चढ़कर परिसर की साफ सफाई अभियान में भाग लिया। आपको बता दें कि स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में अगले 15 दिनों तक कई सामाजिक उत्थान के कार्यों से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तावित हैं जिसका आयोजन आने वाले दिनों में किया जाएगा।

## 20 मई को जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** स्थानीय बंगाली दुर्गा स्थान मालवीय मार्ग में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग की एक बैठक जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 20 मई को आहूत कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए सभी सदस्यों से राय लेकर तैयारी समिति का गठन किया गया। इस बैठक में मुख्य रुप से जिला संयोजक अनिल सिंह, जिला प्रभारी जगदीश महतो ने शिरकत किया। आगामी 20 मई को स्थानीय प्रधान कैफेटेरिया में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गयी है। इस सम्मेलन में बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी संबोधित करेंगे। साथ ही झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो उपस्थित रहेंगे। तैयारी समिति अनिल सिंह के संयोजन में बनाया गया, जिसमें प्रभु दयाल कुशवाहा, राकेश ठाकुर, खुशबू कुमारी, प्रदीप रजक, संजय राम, रोमी सलूजा, गुलशन राज, यासीन अंसारी, विनय यादव, अविरल बिहारी लाल, साबिर खान, छोटन पासवान, प्रमोद राणा, सुजाता सिंह, संजय राम को शामिल किया गया।

बैठक में चतरा प्रभारी मिथिलेश सिंह, संजय कुमार मेहता, संजय राम, सतीश कुमार, डाडी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश्वर महतो, चुरचू प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी, आदि उपस्थित थे। जानकारी प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने दी।

## ढिबरा के बहाने माइका का अवैध उत्खनन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** वन विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की मिलीभगत से कोडरमा थाना अंतर्गत वन्य प्राणी आश्रयणी में लंबे समय से ढिबरा के नाम पर माइका का अवैध उत्खनन चल रहा था। मामला प्रकाश में आया तो वन विभाग ने बुधवार को कार्रवाई की और वन्य प्राणी आश्रयणी स्थित लोमचांची (चितरपुर) जंगल से जेसीबी और ट्रक जप्त किया। उस इलाके में बड़े पैमाने पर माइका को निकालने के लिए खदान बना लिए गए थे और भारी मात्रा में माइका का उत्खनन कर स्थानीय माइका पाउडर और माइका पेपर प्लांट में बेचा जा रहा था। जानकारी के अनुसार अवैध खनन की सूचना राज्य सरकार के साथ ही आला अधिकारियों को दी गई और तब बुधवार को वन्य प्राणी आश्रयणी के डीएफओ अवनीश चौधरी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में अवैध खनन में लिप्त वाहनों को जप्त किया गया पर एक भी व्यक्ति गिरफ्त में नहीं आ सका। यह भी जानकारी है कि छापेमारी के पहले इस कार्य में लगे लोगों को इसकी सूचना मिल गई थी जिसके कारण सभी व्यक्ति वहां से फरार हो गए थे। हालांकि इस बड़ी कार्रवाई, वाहनों की जप्ती के बाद अवैध खनन में लिप्त लोगों में दहशत है।

## कुशहन गांव को मिला 25 केवीए का ट्रांसफार्मर



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से बरकट्ठा के गोरहर पंचायत के आदिवासी बहुल क्षेत्र कुशहन गांव को 25 केवीए का ट्रांसफार्मर मिला। कुशहन के ग्रामीण पिछले 10 महीनों से खराब ट्रांसफार्मर के कारण काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, सहदेव मरांडी, सुरेश टुडु, किशुन मांझी, रामसहाय मांझी और विनोद बेसरा के माध्यम से जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया और समाजसेवी सी के पांडेय को खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए आवेदन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया और समाजसेवी सीके पांडेय ने उनकी समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर समाधान करते हुए 25 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने इस कार्य हेतु बिजली विभाग के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो। ट्रांसफार्मर मिलने और क्षेत्र में बिजली पुनः बहाल होने के खुशी में कुशहन के ग्रामीणों ने जिप सदस्य को धन्यवाद दिया।

## एनटीपीसी में अधिकारियों ने ली स्वच्छता की शपथ



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी और चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। स्वच्छता पखवाड़ा-बुधवार को केरेडारी परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस.पी गुप्ता ने सभी अधिकारीयों और कर्मचारियों नें अपने आस-पास और राज्य, देश को स्वच्छ बनाने कि शपथ ली। सीकरी में स्थित केरेडारी और चट्टी बरियातु कोयला खनन के कार्यालय में अधिकारियों ने परिसर की साफ-सफाई की। केरेडारी परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने औपचारिक रूप से दूसरे दिन स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और परियोजना के अन्य अधिकारियों के साथ परिसर में झाडू लगाकर इस अभियान की गंभीरता को दर्शार्या। देश को स्वच्छ बनाने के इरादे से ऊर्जा मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी इस अभियान में एनटीपीसी के सभी अधिकारीगण उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

## डीइजीएस कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम की होगी शुरुआत

> पांच सौ से अधिक अभ्यर्थी रोजगार, स्वरोजगार से जुड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य समेत जिले के सभी स्कूली बच्चों को डिजिटल साक्षर से जुड़ने के लिये कई योजनाएं चलाई जा रही है। इसी सोच से जिला प्रशासन कोडरमा के द्वारा डीईजीएस कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरूआत की गयी। कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों में में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र खोला गया और जिले के बच्चों को डिजिटल साक्षर से जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल से डीईजीएस कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम अंतर्गत निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग और कौशल विकास के तहत 40 घंटे के प्रशिक्षण की शुरूआत की जा रही है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिले के बच्चों से अपील की है कि इसका लाभ उठाते हुए अपने नजदीकी डीइजीएस सेंटर में पंजीकरण कराये और निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करें। क्लास प्रति दिन दो घंटे का होगा और क्लास 20 मई से शुरू हो रहा है। इस हेतु सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षकगणों को अपने विद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रेरित करने को लेकर निर्देश दिया गया है। डीईजीएस कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत अभ्यर्थियों को फंडामेंटल ऑफ कंप्यूटर, एमएस वर्ड, पावर प्वाइंट, एक्सल, इंटरनेट और नेटवर्क, साइबर सिक्योरिटी, एमटीएमएल इत्यादि कंप्यूटर से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है। बता दें कि अबतक जिले में 20 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है और पांच सौ से अधिक अभ्यर्थी रोजगार, स्वरोजगार से जुड़े।

## खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग रांची और अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा हजारीबाग के नया और पुराना बस स्टैंड बाजार, डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक और शहर के विभिन्न जगहों के साथ साथ अमृतनगर स्थित गोमिका डेयरी से दूध और खोआ का नमूना संग्रह किया गया। इस एकत्रित नमूनों में यूरियाऔर कास्टिक सोडा की मिलावट की जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑफ व्हील वैन के माध्यम से रांची प्रयोगशाला भेजा गया। प्रावैधिक लैब टैक्नीशियन,संदीप और उदय कुमार साहू इस जांच अभियान के दौरान उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोपी दोषी करार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा महिला थाना कांड संख्या 02/19 की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को कांड के अभियुक्त सुभाष पासवान पिता स्वर्गीय श्याम लाल पासवान ग्राम काको को 376 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 मई शनिवार मुकर्रर की है। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाया।

## उग्रवादियों ने कार्यस्थल पर चिपकाया पोस्टर, क्षेत्र में दहशत का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** थाना क्षेत्र के मरचोई पंचायत अंतर्गत बिझवरिया में लघु सिंचाई योजना के तहत बन रहे आहर गहरीकरण कार्यस्थल पर बुधवार की सुबह उग्रवादियों का पोस्टर देखा गया जिससे दहशत का माहौल है। पोस्टर के जरिये उग्रवादियों ने कार्य एजेंसी से लेवी के रूप में फिलहाल 3 लाख रुपये की मांग 18 मई को देने की धमकी दी है, नहीं देने पर कार्य बंद करने व कार्यस्थल पर काम करने वाले लोगों को जान मारने की धमकी पोस्टर के जरिये दी है। इधर इस मामले को लेकर कार्य की देखभाल कर रहे मुंशी मोहन यादव ने बताया कि उक्त योजना लघु सिंचाई योजना विभाग के द्वारा अमित कंस्ट्रक्शन के नाम पर 56 लाख की लागत से गहरीकरण की स्वीकृति होने के बाद कार्य शुरू किया गया। बुधवार की सुबह कार्यस्थल पर पीपल पेड़ के समीप पर उग्रवादियों का 2 पोस्टर एक पीपल पेड़ में कांटी से ठोका हुआ व दूसरा पोस्टर जमीन पर गिरा हुआ मिला जिसे देखने के बाद इसकी सूचना दिया। इधर इस पोस्टर को चिपकाने से काम कर रहे कर्मियों में दहशत का माहौल है और कार्य बंद कर दिया गया है। अभिकर्ता ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी है। सूचना पाकर सतगावां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पोस्टर को जप्त कर लिया।

## करियर काउसलिंग का आयोजन ग्रिजली बीएड कॉलेज में कल

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की की इकाई प्रेरणा शाखा और ग्रिजली बीएड के तत्वावधान में शुक्रवार को ग्रिजली कॉलेज गुमो में निःशुल्क कैरियर काउसिंल का आयोजन किया जायेगा। शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया सचिव सारिका लडढा, परियोजना निदेशक रूबी गुटगुटिया और सरिता अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा आज अमूल धरोहर है और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा शाखा भी समय समय पर कई कार्यक्रम आयोजित कराती हैं। वर्तमन समय में युवाओं को रोजगार कैसे मिले और किस क्षेत्र में उन्हें बेहतर केरियर मिल सके। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र के जानकारों को इस कैरियर काउसिलंग में बुलाया गया। इस निःशुल्क कैरियर काउसिलिंग 10 से 12 के बच्चे सुबह 10 बजे तक कॉलेज पहुंचकर इस कार्यक्रम में भाग ले सकते है। इसमें कोडरमा के एसपी कुमार गौरव पुलिस के क्षेत्र में किस तरह प्रवेश किया जाता है। इसके बारे में छात्रों को गुर बतायेगें। वहीं राम रतन अवध्या बेहतर पढाई के क्षेत्र में किस तरह से छात्रों को पढ़ना चाहिए। उस पर व्याख्यान देगें। इसके अलावा बीबीए एलएलबी एलएलएम बिजनेश लॉ के बारे में अधिवक्ता कृति अग्रवाल, चार्टर एकाउन्ट के बारे में सीए चेजना जैन चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ शारदा मार्केटिंग के क्षेत्र में सुधाशु कुमार छात्रों में बारे में विस्तृत जानकारी देगें ताकि वे छात्र जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसके बारे में उन्हें जानकारी मिल सकेगी।

## विभावि के सीसीडीसी बने डॉक्टर केके गुप्ता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर किशोर कुमार गुप्ता को सीसीडीसी बनाया गया है। डॉ गुप्ता ने बुधवार को पदभार ग्रहण करते हुए बताया कि उनकी भरपूर प्रयास होगा । विश्व विद्यालय प्रशासन के द्वारा दिए गए दायित्वों का ईमानदारी तथा नियम परिनियम के आलोक मैं काम कर सकें। डॉक्टर गुप्ता विनोबा भावे विद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय और लाइब्रेरी साइंस के निदेशक तथा पीजी एथलेटिक क्लब के अध्यक्ष के रूप में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्हें परीक्षा विभाग में ओएसडी के पद पर काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। जंतु विज्ञान के विशेषज्ञ और विद्वान के रूप में डॉक्टर के के गुप्ता की एक अलग पहचान है।

## उत्कृष्ट विद्यालयों में फॉर्म अब 25 मई तक भरे जा सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** जिले में जन्म दर में लड़कियों की संख्या ज्यादा है और समय समय पर यह भी देखा जा रहा है कि जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदुरवर्ती इलाकों में कम उम्र में ही बेटियों की शादी भी परिवार के लोग कर देते हैं। लेकिन यह मिथक तोड़ने में जिले की कई नाबालिग लड़कियां सामने आ रही है। जिले के जामू, बेहंनराडीह सहित कई गांवों में लड़कियां सामने आकर बाल विवाह का विरोध किया है। यह शिक्षा का ही प्रभाव है कि बेटियां मानव तस्करी से खुद को बचा रही है। राज्य सरकार ने 80 उत्कृष्ट सरकारी विद्यालयों को सीबीएसइ से जोड़ने का निर्णय लिया है। जिसमें कक्षा 9 में 15 मई तक नामांकन फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित की थी, जो अब 25 मई तक बढ़ा दी गयी है और चयन परीक्षा 19 के बजाय अब 30 मई को होगी। उत्कृष्ट विद्यालयों में कोडरमा जिला का सीडी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, चन्द्रावती स्मारक प्लस टू विद्यालय डोमचांच तथा कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय जयनगर में स्मार्ट क्लास रूम, इंटरनेट की सुविधा, विषयवार नवीनतम प्रयोगशाला, पुस्तकालय, विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधा, एनसीसी का प्रशिक्षण, सीसीटीवी कैमरा लगे क्लास रूम, योग और अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बेहतर शिक्षा मुहैया कराया जायेगा। बताते चलें कि कोडरमा जिले के तीनों विद्यालयों में 495 विद्यार्थियों का नामांकन होना है, जिसमें कस्तूरबा विद्यालय जयनगर में 75 छात्रों का नामांकन में से अत्यंत गरीब और अनाथ 50 बच्चों का चयन कर लिया गया है। वार्डन सुनीता कुमारी ने बताया कि सूची उपायुक्त को स्वीकृति के लिए भेजा गया है तथा 25 छात्राओं की लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन होगा। इसके लिए 110 आवेदन फॉर्म अब तक भरे गये हैं। सीडी बालिका विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रीना सिंह ने बताया कि यहा 200 छात्राओं का चयन होना है। मंगलवार तक 700 छात्राओं ने फॉर्म भरा है।

## द आई स्कूल में समर कैंप शुरू



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सहाना रोड स्थित द आई स्कूल में बुधवार से समर कैंप शुरू हुआ। पहले दिन समर कैंप मे बच्चों ने खूब मस्ती की। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता और क्राफ्ट आर्ट में बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप को लेकर विद्यालय परिसर को विभिन्न थीम से सजाया गाया है जहां बच्चे धमाल मचाएंगे। निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि समर कैंप मे खेल खेल में बच्चे नयी चीजें सीखते हैं और छिपी प्रतिभा भी सामने आती है। कहा कि बच्चे छुटियों का सदुपयोग कर पाते हैं। इस समर कैंप मे योगा, डांस और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। एडमिन श्रुति राय ने बताया कि इस समर कैंप के जरिये दो से दस साल के बच्चों को कला संस्कृति के बारे मे बताया जायेगा और योग के साथ भारतीय संस्कृति की जानकारी दी जाएगी। मौके पर टीचर्स में सपना, ज्योति के अलावा बच्चों में आराध्या, ऋषित, ओम कुमार, आकांक्षा प्रिया, आकांक्षा, अथर्व, वीर, दानिश, मयंक, सनाया, अंशुल कुमार, हृदयांश कृष्णा, ईशान्वी, अदिति, सूर्यांश, देवांशु, अरहान, सक्षम राज, परी समेत अन्य बच्चे उपस्थित थे।

# रैयतों को जल्द होगा मुआवजा का भुगतान : रोशन बरवा



**पथ निर्माण विभाग से बन रहे पथ में स्थानीय प्रभावित ग्रामीणों की बैठक आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** प्रखंड के सासिया से टकरमा होते हुए अघरमा तक पथ निर्माण विभाग से बन रहे पथ में स्थानीय प्रभावित ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें टकरमा, साकेया, बालाचौरा, ससिया, दलमादी, कोचेदेगा के प्रभावित रैयत शामिल हुए। उक्त बैठक में ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता रोशन बरवा से अधिग्रहित जमीन का मुआवजा दिलाने की मांग की।

ज्ञात हो कि उक्त अधिग्रहित भूमि का मुआवजा हेतु ग्रामीणों ने विधायक, उपायुक्त, अंचलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के पास भी गुहार लगाई लेकिन अब तक मुआवजा संबधी किसी प्रकार की कोई करवाई नहीं हुई है। पथ निर्माण विभाग द्वारा उक्त पथ निर्माण से पूर्व प्रभावित रैयतों के साथ बैठक कर मुआवजा की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और जमीन की मापी के बाद ही संवेदक को कार्य प्रारंभ करना था लेकिन संवेदक बिनोद कुमार जैन द्वारा जबर्दस्ती कार्य करवाया जा रहा है। रोशन बरवा ने कहा कि सभी रैयतों का भुगतान जल्द किया जाएगा। उपायुक्त गुमला से उक्त संबंध में बात हो गयी है। भुगतान की प्रक्रिया भी चल रही है। भूअर्जन विभाग गुमला जल्द आवश्यक कार्रवाई कर भुगतान करेगा।

उक्त बैठक में निर्माण कार्य के प्रोजेक्ट मैनेजर राजू कुमार को भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें मजदूरों को उचित मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि ग्रामीण सहयोग करें सड़क का निर्माण एक महीना में पूर्ण कर के देंगे।

बैठक में कांग्रेस उपाध्यक्ष मुमताज खान, अरविंद साहू, अजय साहू, डेविड बरवा, दलमादी ग्राम प्रधान भूषण डुंगडुंग, सुनीता टेटे, इंगेश डुंगडुंग, मार्था बरवा, अनिल, ज्ञान प्रकाश एक्का, फुलजेम्स, विजय एक्का, अगस्टिन एक्का सहित सासिया, दलमादी, कोचेडेगा, तकरमा के ग्रामीण मौजूद थे।

**तैयारी :** उपायुक्त ने जिला स्थापना दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

# जिला स्थापना दिवस के अवसर पर होगा कई स्थानों पर उद्घाटन

**उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में पायी गई कमियों को दूर करते हुए सभी तैयारियों को पूर्ण करने का दिया निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले को समर्पित कई स्थानों का उद्घाटन किया जाना है। उद्घाटन समारोह के क्रम में अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड सह अंचल कार्यालय गुमला, रागी मिलेट कैफे एवं नगर स्थित नव निर्मित पीएचसी सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा। जिसके लिए तैयारी अपने अंतिम चरण पर है।

इस दौरान आज बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने अनुमंडल स्तरीय लाइब्रेरी, अंचल सह प्रखंड कार्यालय एवं अनुमंडल कार्यालय के तैयारियों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों को आज शाम तक दूर करते हुए सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि जिले के 40 वे स्थापना दिवस को धूम धाम से बनाया जाएगा जिसकी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर जिले वासियों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से कई तोहफे दिए जाएंगे। जिसके तहत पीएचसी सेंटर, अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय एवं प्रशासनिक भवनों का उद्घाटन किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईटाम पंचायत अंतर्गत खटखुरा स्वास्थ्य केंद्र में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, खान पान में सुधार लाने और किसी भी प्रकार से बीमार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में चिकित्सक द्वारा इलाज करवाने की बात कही। रेफरल अस्पताल बसिया से गये स्वास्थ्य कर्मी अलेक्सियूस एक्का एवं टीबी चैम्पियन प्रवीण साहू द्वारा ईंटाम पंचायत के लोगों को टीबी बीमारी और उसके बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु पृष्टभूमि एवं उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। मौके पर ईटाम मुखिया अनिमा डुंगडुंग, तारकेश्वरी साहू, एएनएम मरियम कोड़ा, स्वास्थ्य सहिया, सेविका समेत अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैनपुर पुलिस ने ढोल-नगाड़ा बजाकर जेजेएमपी नक्सली रविंद्र यादव के घर इश्तेहार चिपकाया



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस ने कांड संख्या 5/22 के प्राथमिकी अभियुक्त प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सदस्य पलामू जिले के रामगढ़ थाना अंतर्गत नावां गांव निवासी रविंद्र यादव पिता चंद्रदेव यादव उर्फ चंद्रदेव महतो के घर में ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाकर उसके घर में इश्तेहार चिपकाया और उसके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महिना के अंदर सरेंडर करने की अपील की। वहीं ग्रामीणों से भी पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी उसे जागरूक करते हुए सरेंडर करने को कहें। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिविल कोर्ट गुमला से निर्गत इश्तेहार को नक्सली के घर में चिपकाया गया है और ग्रामीणों तथा उसके परिजनों से उसे मुख्य धारा से जुड़ने की अपील की गई है। वहीं अगर तय समय पर उनके द्वारा सरेंडर नहीं किया जाता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी।

# आम सड़क पर जाम लगा कर सामान अनलोड करनेवाले दो व्यवसायियों पर लगाया जुर्माना

**निर्धारित समयावधि के दौरान ही करें लोडिंग अनलोडिंग : प्रशासक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने बुधवार को शहर के प्रमुख मार्गों का औचक निरीक्षण करते हुए दो ऐसे व्यवसायियों को ऑन स्पॉट जुर्माना अधिरोपित किया, जो सड़क पर वाहन खड़ा कर सामान अनलोडिंग करवा रहे थे। उनके ऐसा करने से उन वाहनों के आसपास जाम की स्थिति बन जा रही थी।

मेन रोड में एक हार्डवेयर स्टोर तथा एक प्लाई स्टोर कुल दो दुकानों के सामने दिन में लगभग 1:00 बजे के आसपास सामान अनलोड कराया जा रहा था, दोनों दुकान मालिकों के वाहन बीच रोड पर ही खड़े थे। अनलोडिंग प्रक्रिया के दौरान दोनों ओर से वाहनों के आवागमन पर प्रभाव पड़ रहा था। जिस पर प्रशासक ने पांच 5000 रु. प्रत्येक पर जुर्माना लगाया साथ ही पुनरावृत्ति नहीं करने की हिदायत दी। कहा कि जुर्माना आदेश निर्गत होने के उपरांत दो कार्य दिवसों के अंदर जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने शहर के सभी व्यवसायियों से भी अनुरोध किया कि वे संध्या से लेकर सुबह के बीच ही अनलोडिंग करवाएं। दिन में बाजार में भीड़भाड़ के समय पर सामान की लोडिंग-अनलोडिंग अनुमन्य नहीं है। विशेष परिस्थिति में यदि सामान उतारना चढ़ाना अत्यंत जरूरी हो तो सड़क पर गाड़ी खड़ी करने के बजाय सड़क से एक किनारे खड़ा कर सामान को अनलोड करवाएं। कहा कि शहर में सुचारू रूप से आवागमन बनाए रखने में शहर के लोग नगर परिषद और जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## एसपी ने कामडारा प्रखंड के नवनिर्मित थाना भवन और स्टेशन का किया निरीक्षण

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारीब ने बुधवार को प्रखंड के नव-निर्मित कुरकुरा थाना भवन, निमार्णाधीन कुरकुरा रेलवे स्टेशन, गुरजनडीह पुल तथा बसिया थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्य में लगे संवेदकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागूरी, पुलिस निरीक्षक बसिया अंचल श्यामानंद मंडल, प्रभारी थाना प्रभारी कुरकुरा विनय हेम्ब्रोम, थाना प्रभारी कामडारा कौशलेंद्र कुमार, थाना प्रभारी बसिया छोटू उरांव, थाना प्रभारी पालकोट अनिल लिंडा को क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक कार्य पर निगरानी रखने तथा अपराधियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## बूथ स्तर पर मतदाता सूची और पुनरीक्षण कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एसडीओ संजय पीएम कुजूर की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय बसिया सभागार में उपायुक्त गुमला के निर्देश पर आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के निमित्त मतदाता सूची एवं पुनरीक्षण कार्य से संबंधित मान्यता प्राप्त सभी दलों के द्वारा प्रतिनियुक्त बूथ स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कम्प्यूटर ऑपरेटर विकास शर्मा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, कमलेश कुमार साहू, अजित लकड़ा, रामजतन भगत, अमित बघवार, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजित गुड़िया, अनुज उरांव, पीटर तिर्की समेत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शामिल थे।

## बीडीओ ने की प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक



बसिया (आजाद सिपाही)। बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में एलडीएम गुमला के उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक प्रखंड कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में केसीसी का लाभ,कृषि ऋण माफी योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को देने,जीवन बीमा,मुद्रा लोन,वित्तिय समावेशन, ई केवाईसी, एसएचजी बैंक लिंकेज इत्यादि का समीक्षा कर बैंक मैनेजरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक जयकिशुन गुप्ता समेत सभी शाखा प्रबंधक, बीपीएम, बीपीओ, जेएसएलपीएस के सदस्य, बीटीएम आदि उपस्थित थे।

# बिशुनपुर में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** प्रखंड के एक सुदूरवर्ती गांव में शादी समारोह में गई सातवीं कक्षा की नाबालिग बच्ची के साथ चीरोडीह निवासी अवधेश चीक बड़ाईक (23), गुलेंद्र उरांव (19), कुलदीप भगत (19), सुनील उरांव (19) एवं अनुज राम (19) ने सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के संबंध में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बिशुनपुर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पिछले सोमवार को नाबालिग पीड़िता अपने गांव में रिश्ते के चाचा के घर में शादी समारोह था, जहां वह समारोह में शामिल होने के लिए शाम 6:00 बजे गई हुई थी और वह उसी घर में थी जहां पर नाच गान हो रहा था। इसी बीच रात्रि करीब 10:00 बजे पीड़िता के फोन पर उसकी सहेली का फोन आया तो वह जहां नाच गान हो रहा था। वहां से कुछ दूर चली गई ताकि उसे साफ आवाज सुनाई दे। इसी दौरान चीरोडीह निवासी अवधेश चिक बड़ाइक एवं गुलेन्द्र उरांव ने उसे पीछे से आकर धर दबोचा और मुंह को बंद कर सुखवा टोली पतरा ले गए, जहां पर पहले से कुलदीप भगत, सुनील उरांव एवं अनुज उरांव बैठे हुए थे। जहां सभी आरोपियों ने पीड़ित नाबालिग के साथ में बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों के द्वारा सुबह बिशुनपुर थाना में सभी आरोपियों खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस के द्वारा सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## चैनपुर प्रखंड के बुकमा ग्राम स्वास्थ्य उपकेंद्र का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत बुकमा ग्राम के स्वास्थ्य उपकेंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी ने औचक निरीक्षण कर केन्द्र में उपलब्ध विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष में काफी गंदगी देख नाराजगी जाहिर की और एएनएम को कड़ी फटकार लगाते हुए प्रसव कक्ष को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया। कहा स्वास्थ्य उपकेंद्र में मिलने वाली सुविधाओं से गांव के लोग वंचित न हों इसका आप ख्याल रखते हुए विधि व्यवस्था दुरूस्त रखें और इस क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सेंटर में ही सुरक्षित प्रसव कराने की व्यवस्था करें ताकि उन्हें चैनपुर अस्पताल या अन्य जगहों पर जाना न पड़े।

## लूथरन अवि चैनपुर व संत पीटर अवि टोंगो में एनसीसी कैडेटों ने चलाया सफाई सह जागरूकता अभियान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के लूथरन उच्च विद्यालय के एनसीसी कैडेट के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी क्रम में कैडेट लूथरन स्कूल से निकल कर अपने हाथों में सफाई करने के लिए झाड़ू बाल्टी इत्यादि लेकर सफाई करते हुए कुरुमगढ़ चौक पहुंचे। वहां से बैंक ऑफ इंडिया से होते हुए पीपल चौक तक आये। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके कैडेटों ने लोगों से वृक्षारोपण की बात कही और लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पर्यावरण दिवस 5 जून को है पर स्कूल की छुटियां होने के कारण यह कार्यक्रम पहले आयोजित करना पड़ रहा है। शिक्षक राजेंद्र सिंह और रोहित कुमार ने कहा कि हम अधिक से अधिक पौधों को लगाकर काफी हद तक पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बना सकते हैं। चैनपुर के साथ-साथ चैनपुर के संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो में एनसीसी कैडेटों के भाषण प्रतियोगिता में 8 प्रतिभागी, पेंटिंग प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागी, निबंध प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा शिक्षकों के द्वारा उन्हें जागरूक किया गया।

**कार्यक्रम :** गुमला जिला स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सामूहिक विमर्श कार्यक्रम 'हम गुमला के लोग..' का किया गया आयोजन

# 'क्या खोया, क्या पाया' पर हुआ मंथन

**कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त सुशांत गौरव मौजूद रहे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय सभागार में जिला स्थापना दिवस की 40वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या के अवसर पर जिले के प्रबुद्ध लोगों के बीच सामूहिक विमर्श कार्यक्रम 'हम गुमला के लोग..' का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त सुशांत गौरव मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने किया।

'हम गुमला के लोग..' विषय के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध लोगों ने अपने अपने विचार रखे कि इन 40 वर्षों के दौरान गुमला ने किन-किन क्षेत्रों में प्रगति की है तो कहां-कहां ह्रास हुआ। अपने विचार रखने में प्रमुख रूप से शहर के वरिष्ठ पत्रकार गण, लोक कलाकार एवं समाजसेवी लोग मौजूद थे।

**कैसा हो भविष्य का गुमला :** विचार विमर्श का विषय था कि आने वाले भविष्य में वे गुमला को किस रूप में देखना चाहते हैं? यानि गुमला जिले की अगले 25 वर्षों बाद जिले की कैसी तस्वीर की वे परिकल्पना करते हैं। इस पर उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने अपने अपने विचारों को व्यक्त किये।

इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों को समझने के साथ साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझना होगा तभी अगले 25 वर्षों में गुमला जिला एक आदर्श मुकाम पर होगा।

**वर्ष 2047 में कैसा हो गुमला :** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने सभी प्रबुद्ध जनों से विचार आमंत्रित किए कि वर्ष 2047 में जब देश अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ मना रहा होगा तब आप गुमला को किस रूप में देखना चाहेंगे? इस पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए अपनी परिकल्पना को प्रस्तुत किया, वक्ताओं के विचारों का सार था कि वे 2047 में बेरोजगारी मुक्त गुमला, पलायन मुक्त गुमला, नशा मुक्त गुमला, भ्रष्टाचार मुक्त गुमला, डायन प्रथा मुक्त गुमला तथा स्वच्छ और स्वस्थ गुमला देखना चाहते हैं। कुछ वक्ताओं ने कहा कि वे 2047 का गुमला कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर गुमला के रूप में देखना चाहते हैं, तो कुछ लोगों ने कहा कि वे चाहते हैं कि 2047 तक गुमला देश के रेल नेटवर्क का अभिन्न हिस्सा बन जाए, साथ ही गुमला में अपना मेडिकल कॉलेज तथा उच्च शिक्षा के कॉलेज हों।

सभी ने अंत में दोहराया कि हम गुमला के लोग गुमला को समृद्ध, शांतिपूर्ण तथा संपन्न जिला बनाने का संकल्प लेते हैं।

इस दौरान एपीआरओ एलीना दास, अमरनाथ कश्यप, बलदेव शर्मा, संतोष कुमार, नरेश जयसवाल, माधुरी कुमारी, सुनील बादल, केए गुप्ता, शाहजाद अनवर, आफताब अंजुम, सुधाकर कुमार, उस्मान खान, सुनील साहू, समाजसेवी देवराम भगत, सोना खलखो, आरिफ हुसैन, सुधाकर कुमार, अफसर आलम, ज्योति संगम संस्था के कलाकार गण आदि के अलावा जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

## पालकोट प्रखंड में रक्तदान शिविर में 22 यूनिट रक्त संग्रह



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** गुमला उपयुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार जिले भर के प्रखंडों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है जो 15 मई से 31 मई तक किया जाना है। जिसमें बुधवार को पालकोट ब्लॉक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के कर्मी आम जन व कई लोगों ने रक्तदान कर 22 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर का आयोजन पालकोट बीडीओ व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया था।

